कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.11.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

## कन्या महाविद्यालय में
## स्वीप कार्यक्रम का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ0 विजय वासनिक, सहा0 प्राध्यापक, वाणिज्य (स्वीप प्रभारी), डॉ0 मंजूलता साव सहा0 प्राध्यापक, वाणिज्य, कैम्पस एम्बेंसेडर कु0 चंचल यादव, कु0 ट्विंकल साहू तथा महाविद्यालय की छात्राऐं उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में डॉ0 विजय वासनिक ने Special Intensive Revision [SIR] मतदाता सूची के विशेष गहण पुनरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत परिगणना फार्म भरने तथा Special Intensive Revision [SIR] के उद्देश्यों की जानकारी प्रदान करते हुए आवश्यक दस्तावेजों तथा मतदाताओं के पंजीकरण की विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में डॉ0 मंजूलता साव ने उपस्थित छात्राओं को मतदाता परिचय पत्र बनाने तथा SIR की प्रक्रिया में लगे B.L.O. को सहयोग प्रदान करने की अपील की।

कैम्पस एम्बेसेंडर कु0 चंचल यादव ने सभी छात्राओं को मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक जागरूक मतदाता बनने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में डॉ0 विजय वासनिक, स्वीप प्रभारी ने सभी की गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# स्वीप कार्यक्रम का आयोजन







